समक्ष न्यायालय माननीय राजस्व मंडल मध्यप्रदेश, ग्वालियर

5 रु. 5 रु. 5 रु. 5 रु. Rs.5 भारत INDIA पाँच रुपये FIVE RUPEES

20/9/18 20/9/18 20/9/18

(61)

राधेश्याम गौर उम्र करीब 64 साल आ. स्व. श्री जगन्नाथ गौर
पेशा कास्तकारी निवासी ग्राम सेल निगरानी-6351/2018/होशंगाबाद/भू.रा.
तहसील डोलरिया जिला होशंगाबाद .... आवेदक

विरूद्ध

श्रीमती सुआबाई उम्र करीब 70 साल पत्नी स्व. हरिनारायण
निवासी ग्राम सेल तहसील डोलरिया जिला होशंगाबाद .... उत्तरवादी

सुशील गोयल
अधिवक्ता: [illegible]
द्वारा प्रस्तुत
DJ CR to Coll
20/9/2018
अधीक्षक
कलेक्टोरेट, होशंगाबाद

पुनरीक्षण याचिका धारा 50 म.प्र. भू–राजस्व संहिता के अंतर्गत

आवेदक यह पुनरीक्षण याचिका श्रीमान अपर आयुक्त महोदय नर्मदापुरम् संभाग होशंगाबाद द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 43/अपील/2017–18 राधेश्याम विरूद्ध श्रीमती सुआबाई जो कि श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय, होशंगाबाद द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 27/अपील/2015–16 राधेश्याम विरूद्ध श्रीमती सुआबाई में पारित आदेश दिनांक 03.10.2017 से उत्पन्न हुआ है के विरूद्ध असंतुष्ट होकर नीचे लिखे आधार एवं कारणों पर प्रस्तुत करता है :–

न्यायालय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश-ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण क्रमांक **निगरानी 6351/2018/होशंगाबाद/भू.रा**

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
12-12-2018	आवेदकपक्ष अधिवक्ता श्री मेघदीप गौर द्वारा ग्राह्यता पर प्रस्तुत तर्को पर विचार किया गया । अधीनस्थ अपर आयुक्त न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 30-8-2018 की सत्यप्रतिलिपि का अवलोकन किया गया । अपर आयुक्त के आदेश के अवलोकन से स्पष्ट है कि अपर आयुक्त विवेचना उपरांत आदेश पारित कर स्पष्ट निष्कर्ष निकाला है कि अनावेदिका सुआबाई के मृतक जगन्नाथ की पुत्री होने संबंधी प्रकरण में कोई विवाद नहीं था । प्रकरण में मुख्य विवाद यह है कि लीलाबाई प्रश्नाधीन भूमि की भूमिस्वामी है और उसकी मृत्यु उपरांत उसके वारिस के रूप में अनावेदिका का नाम तहसील न्यायालय द्वारा राजस्व अभिलेख में दर्ज कियागया है जिसमें प्रथमदृष्टया कोई त्रुटि परिलक्षित नहीं होती है, इसलिये तहसील न्यायालय के आदेश को अपर आयुक्त द्वारा स्थिर रखे जाने में कोई अवैधानिकता नहीं की गई है । अतः अपर आयुक्त द्वारा पारित आदेश हस्तक्षेप योग्य नहीं होने से यह निगरानी सुनवाई हेतु अग्राह्य की जाती है । (मनोज गोयल) अध्यक्ष	